भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 3382

दिनांक 07 अगस्त, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

विशेषज्ञ और सामान्य चिकित्सकों की कमी

3382. श्री विजय बघेल:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र में विशेषज्ञ और सामान्य चिकित्सकों की भारी कमी के कारण मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा है;

(ख) क्या अस्पताल में कई बुनियादी चिकित्सा सुविधाओं का अभाव है जिसमें मरीजों को सोनोग्राफी जांच के लिए लगभग दो महीने तक प्रतीक्षा करनी पड़ रही है और सीटी स्कैन मशीन लंबे समय से खराब पड़ी है और अन्य आवश्यक चिकित्सा उपकरणों की अपर्याप्त आपूर्ति हो रही है;

(ग) क्या अस्पताल में विटामिन डी और विटामिन बी ट्वेल्व सहित कई आवश्यक पैथोलॉजिकल जांच अनुपलब्ध हैं और साथ ही विभिन्न आवश्यक दवाओं की अनियमित आपूर्ति है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके कारण क्या हैं; और

(ङ.) सरकार द्वारा चिकित्सकों के रिक्त पदों को शीघ्र भरने, आवश्यक चिकित्सा उपकरण प्रदान करने, सीटी स्कैन मशीन को चालू करने और अस्पताल में सभी आवश्यक नैदानिक सुविधाओं और दवाओं की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए क्या कार्रवाई की गई है या किए जाने का प्रस्ताव है और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्यमंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (ङ): जवाहरलाल नेहरू अस्पताल और अनुसंधान केंद्र (जेएलएनएचआरसी), भिलाई स्टील अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया लिमिटेड (सेल), इस्पात मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन है। सेल, इस्पात मंत्रालय द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, जवाहरलाल नेहरू अस्पताल और अनुसंधान केंद्र (जेएलएनएचआरसी), भिलाई में आने वाले सभी रोगियों को नैदानिक आवश्यकता और निर्धारित

प्रोटोकॉल के अनुसार समय पर उपचार प्रदान किया जाता है। अस्पताल में बुनियादी चिकित्सा सुविधाएं हैं और एक सीटी स्कैन मशीन कार्यशील है। अस्पताल में आवधिक खरीद और प्रतिस्थापन के माध्यम से आवश्यक चिकित्सा उपकरण बनाए रखे जाते हैं। जेएलएनएचआरसी, भिलाई में विटामिन डी और विटामिन बी12 सहित पैथोलॉजिकल परीक्षण वर्तमान में इन-हाउस उपलब्ध हैं। अस्पताल में आवश्यक दवाओं का पर्याप्त भंडार भी बनाए रखा जाता है और नियमित रूप से उसकी पूर्ति की जाती है।

सेल, इस्पात मंत्रालय द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, जेएलएनएचआरसी, भिलाई में आवश्यकतानुसार विशेषज्ञ डॉक्टरों को नियमित और संविदात्मक तरीकों के माध्यम से नियुक्त किया जाता है। अस्पताल में निदान सुविधाओं, चिकित्सा उपकरणों और आवश्यक दवाओं की उपलब्धता की नियमित रूप से निगरानी और रखरखाव किया जाता है।

*****